

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,रविवार,22 जून2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## Weather: जम्मू-कश्मीर में मानसून की दस्तक



आईएमडी के मुताबिक, अगले दो दिनों के दौरान उत्तरी अरब सागर के शेष हिस्सों, राजस्थान के कुछ और हिस्सों, पश्चिम उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ और हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। इन दो दिनों के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली तक मानसून के पहुंचने की संभावना बनी हुई है।दक्षिण-पश्चिम मानसून ने जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ को छोड़कर पूरे देश में पहुंच गया है। मानसून के प्रभाव से पूरे देश में झमाझम बारिश हो रही है, पूर्वोत्तर के साथ ही दक्षिण भारत के राज्यों में सबसे ज्यादा हालात खराब है। झारखंड में पिछले कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से बिहार के नालंदा जिले में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। ओडिशा में भी नदी का जल स्तर बढ़ने से कई क्षेत्रों में बाढ़ आ गई है, जिससे 50,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा जयपुर, आगरा, रामपुर, देहरादून, शिमला और मनाली से होकर गुजर रही है। अगले दो दिनों के दौरान उत्तरी अरब सागर के शेष हिस्सों, राजस्थान के कुछ और हिस्सों, पश्चिम उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ और हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। इन दो दिनों के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली तक मानसून के पहुंचने की संभावना बनी हुई है। आईएमडी ने बताया कि 26 जून तक उत्तर पश्चिम भारत के जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत 30 राज्यों में भारी बारिश और कहीं-कहीं तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में मध्य प्रदेश, गुजरात, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के साथ ही पश्चिम

## अंबुवासी महायोग: आज से तीन दिनों के लिए मां कामाख्या के कपाट बंद

हर वर्ष देश और दुनिया से तंत्र-मंत्र साधक अंबुवासी मेले में आते हैं। मां तीन दिनों के लिए रजस्वला हो जाती हैं, इसलिए इस दौरान मां के दर्शन नहीं होते। मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। यह स्त्री की सृजनात्मक शक्ति, स्त्रीत्व, उर्वरता की पवित्रता का उत्सव है। इस दौरान किसान खेतों की जुताई नहीं करते।असम के गुवाहाटी शहर के पास नीलाचल पर्वत पर कामाख्या धाम में अंबुवासी महायोग-2025 की तैयारियां पूरी हो गई हैं। प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार भी इस उत्सव में यहां लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे। गुवाहाटी पुलिस आयुक्त पार्थ सारथी महंत के मुताबिक, इस हिसाब से प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।मंदिर प्रशासन के मुताबिक, 22 से 26 जून तक चलने वाले इस महायोग के दौरान 22 जून को दोपहर 2:56 बजे 27 सेकेंड से कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद हो जाएंगे। इसके बाद 26 जून सुबह देवी स्नान और दैनिक अनुष्ठानों के बाद तीर्थयात्रियों के लिए मंदिर



के द्वार खोल दिए जाएंगे। वहीं, 22 से 27 जून तक वीआईपी दर्शन के लिए कोई पास जारी नहीं किया जाएगा। चार दिनों तक चलने वाला यह उत्सव देवी कामाख्या के वार्षिक मासिक धर्म चक्र का प्रतीक है। मान्यता के अनुसार, तंत्र साधना की पूर्णाहुति अंबुवासी योग के दौरान ही होती है। इसलिए नीलांचल पहाड़ी की कई गुफाओं में तंत्र साधक इस दौरान कठिन तपस्या कर तंत्र साधना की अंतिम क्रिया को संपन्न करते हैं।

## UP की सोनम: मरीज से अफेयर



कारोबारी रविंद्र कुमार ने 15 साल पहले दिल्ली छोड़ दी थी। वो देहरादून शिफ्ट हो गए थे। पुलिस पूछताछ में आरोपी पत्नी और प्रेमी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उत्तराखंड के कोटद्वार में अपनी दूसरी पत्नी रीना सिंधू और उसके प्रेमी पारितोष की साजिश का शिकार होकर जान गंवाने वाले कारोबारी रविंद्र कुमार ने करीब पंद्रह साल पहले दिल्ली छोड़ दी थी। दिल्ली में उसकी पहली पत्नी आशा अपने बेटे हर्षित के साथ आज भी उसी रजोकरी गांव के मकान में रहती है। मीडिया को देखते ही आशा ने घर का दरवाजा बंद कर लिया। बंद दरवाजे से ही उसने कुछ न बताने की बात की। पड़ोसी भी मामले में कुछ भी खुलकर बोलने के लिए तैयार नहीं थे। अलबत्ता कुछ पड़ोसियों ने दबी जुबान में बताया कि रविंद्र का अच्छा खासा परिवार था। उस समय रीना सिंधू (दूसरी पत्नी) गांव में किराये के कमरे में रहती थी। दोनों के बीच बातचीत होती थी।रीना अपने से करीब 20 साल बड़े रविंद्र के साथ दिल्ली छोड़कर देहरादून पहुंच गई। दोनों वहां सहमति संबंध में रहने लगे। बाद में रविंद्र और रीना ने शादी कर ली। इसके बाद रविंद्र ने कभी दिल्ली में अपने परिवार से कोई संपर्क नहीं किया और न ही पत्नी आशा और बेटे हर्षित ने मिलने की कोशिश की।पड़ोसियों ने बताया कि उस समय गांव में रविंद्र का अच्छा खासा काम था। रीना के चक्कर में आकर उसने अपनी पत्नी और बेटे को छोड़ दिया। कोटद्वार में जब उसकी मौत का पता गांव में चला, तो लोगों को अफसोस हुआ। लोगों ने बताया कि काफी समय तक आशा और हर्षित का ध्यान उसके चाचा रखते रहे। बाद में उसके दोनों चाचा भी रजोकरी छोड़कर गुरुग्राम शिफ्ट

## Iran-Israel War

### पश्चिम एशिया में तनाव के चलते भारत ने अपनाई खास रणनीति, रूस से बढ़ाया कच्चे तेल का आयात



Iran Israel War : ईरान इस्राइल युद्ध में अमेरिका के शामिल होने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ना तय है और इसका सीधा असर तेल की कीमतों पर होगा। तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका है। भारत ने हालात को भांपते हुए जून माह में रूस से तेल आयात बढ़ा दिया है। ईरान इस्राइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री हो चुकी है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर रविवार तड़के बम बरसाए। जिसके बाद ईरान ने भी पलटवार की धमकी दी है। इस घटनाक्रम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका है। इसका सीधा असर तेल की कीमतों पर पड़ेगा। हालांकि भारत ने पहले ही हालात को भांपते हुए रणनीति के तहत रूस और अमेरिका से कच्चे तेल का आयात बढ़ा दिया है। भारत ने जून महीने में रूस से इतना तेल खरीदा है, जो पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों से खरीदे गए कुल कच्चे तेल से भी ज्यादा है। वैश्विक व्यापार विश्लेषक फर्म कैपलर के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने जून महीने में रूस से 20-22 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चे तेल की खरीद की है। यह बीते दो साल में सबसे ज्यादा है। मई माह में भारत ने रूस से तकरीबन 11 लाख बैरल प्रति दिन के हिसाब से कच्चा तेल खरीदा था। भारत पहले रूस से अपनी जरूरत का महज एक प्रतिशत तेल ही आयात करता था, लेकिन अब इसमें भारी बढ़ोतरी हुई है और अब भारत अपने कुल तेल आयात का 40-44 प्रतिशत तेल रूस से मंगाता है।

## अब तक 1117 भारतीयों की ईरान से वतन वापसी



ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान में फंसे अब तक 1117 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी हो चुकी है। ईरान से लौटे भारतीय नागरिकों ने सरकार का धन्यवाद किया। साथ ही कहा कि भारत वापस आकर अब उनकी जान में जान आई है। वहां के हालात बहुत खराब हैं। इसके अलावा, भारत ने श्रीलंका को भी आश्वासन दिया है कि वह ईरान में फंसे श्रीलंकाई नागरिकों को निकालने में उसकी मदद करेगा।भारत सरकार ने ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु चलाया है। इस ऑपरेशन के तहत अब तक कुल 1,117 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। वहीं, शुक्रवार देर रात एक विशेष उड़ान के जरिये 290 भारतीय

# Aaj Ka Rashifal 22 June

## कर्क और तुला राशि वालों को करियर में मिल सकता है लाभ

22 June Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 22 जून 2025 का राशिफल...



### मेष
आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने समय और धन दोनों को ध्यान में रखकर कामों को करें, इसलिए आप किसी को धन उधार देने से बचें। यदि आप विदेश जाने की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी हो सकती है। कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है। आप अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ जाएगी।

### वृष
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। नवविवाहित जातकों के जीवन में किसी मेहमान की दस्तक हो सकती है। आप अपने डेली रूटीन को बेहतर करने की कोशिश करें। संतान के मनमानी व्यवहार के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आप जीवनसाथी को कहीं शॉपिंग आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा, जिससे आपको काफी सारी मुश्किलों से राहत मिलेगी।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए जनकल्याण के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आप किसी प्रकार का कोई जोखिम लेने से बचें। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करने की आवश्यकता है।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपको काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे। आपका कोई मित्र आपकी किसी बात को लेकर नाराज हो सकता है। आपको किसी काम में उसके नीति और नियमों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। जनकल्याण के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपनी सेहत में लापरवाही करेंगे, तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको किसी नई नौकरी की भी प्राप्ति हो सकती है।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए रहेगा। आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। मित्रों का साथ आप पर बना रहेगा। आप किसी प्रॉपर्टी से संबंधित कोई डील को फाइनल करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आप परिवार के सदस्यों को लेकर किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपने किसी पुराने मित्र की याद सता सकती है। आपको अपनी मेहनत पर भरोसा रखने की आवश्यकता है, जिससे आपका आत्मविश्वास और बढ़ेगा।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी सबको साथ लेकर चलने की कोशिश कामयाब रहेगी। आपको किसी पारिवारिक मामले को भी मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। यदि आपने कोई कोई बात छुपा रखी थी, तो वह परिवार के सदस्यों के सामने उजागर हो सकती हैं आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आपको अपने बिजनेस से संबंधित कामों को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेकर आगे बढ़ाना बेहतर रहेगा।

### तुला
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी अजनबी से काम को लेकर कोई सलाह लेने से बचें। लेन-देन से संबंधित मामलों में आप अपनी आंख और कान खुले रखें। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपके ऊपर कोई नई जिम्मेदारी डाल सकते हैं। आपको मन मुताबिक काम न मिलने से भी मन परेशान रहेगा। आपकी संतान किसी नए कोर्स में दाखिला ले सकती है। आपको अपने जीवनसाथी से तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। ससुराल पक्ष से आपको लाभ मिलता दिख रहा है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए सेहत पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह पूरा हो सकता है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको अपने जीवन में पारिवारिक रिश्तों को प्राथमिकता देनी होगी। आप किसी से कोई बात सोच समझकर बोले। आपको सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने धन को लेकर किसी योजना में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

### धनु
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। राजनीति में आपकी अच्छी पकड़ रहेगी। आपके सहयोगी भी कामों में पूरा साथ देंगे। आप अपने पिताजी से काम को लेकर कोई बातचीत कर सकते हैं। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने जीवनसाथी से किसी बात को लेकर यदि नाराज चल रहे थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

### मकर
आज का दिन आपके लिए आवश्यक कामों को पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने किसी मित्र के लिए कुछ रूपयों का इंतजाम भी कर सकते हैं। आपका जल्दबाजी के कारण कोई काम बिगड़ सकता है। बिजनेस कर रहे लोग अपने साथी से काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती रहेगी। आपको बड़ों की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके धनधान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को कहीं घुमाने फिराने लेकर जा सकते हैं।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक उत्सव की तैयारी शुरू हो सकती हैं। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने आर्थिक मामलों को ध्यान देकर निपटाने की आवश्यकता है। आप अपनी जिम्मेदारियों से बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगे। माता-पिता आपके काम में पूरा साथ देंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिल सकता है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

### मीन
आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप अपना एक लक्ष्य लेकर चलेंगे, तो ही आप अपने कामों को समय से पूरा कर सकेंगे। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो वह कानूनी हो सकता है। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान देंगे और अपने खर्चों को भी आप नियंत्रण में करने की कोशिश करेंगे, तभी आप भविष्य को लेकर कुछ धन संचय कर पाएंगे। आप बड़ों की बातों को पूरा महत्व देंगे और बिजनेस से जुड़ा कोई फैसला आप थोड़ी समझदारी दिखाते हुए लें।

आज 22 जून, शनिवार का दिन है और हिंदू पंचांग के अनुसार आज आषाढ़ माह की योगिनी एकादशी और सम योग का शुभ संयोग बना रहा जिसके चलते आज के दिन कुछ राशि वालों के लिए बहुत ही शुभ और लाभ अर्जित करने वाला होगा। वहीं आज के दिन चंद्रमा का गोचर मेष राशि में होगा, अश्विनी नक्षत्र के संयोग में सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग भी बनेगा जिसके चलते आज कुछ राशि वालों को भाग्य का साथ मिलेगा। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है

# UP: शिक्षिका को ऑटो चालक से हुआ लव

**उसी की गाड़ी से आने-जाने लगी स्कूल, चार साल चला प्यार, फिर आया ये मोड़ युवती प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है।** ऑटो से वह स्कूल आती-जाती थी। इसी दौरान एक ऑटो ड्राइवर से प्रेम हो गया। उसने दूसरे ऑटो से स्कूल जाना बंद कर दिया। उसी के साथ स्कूल आने-जाने लगी। कुछ दिन में दोनों की नजदीकियां काफी बढ़ गईं।



उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के सहजनवां क्षेत्र की एक शिक्षिका को वहीं के एक ऑटो ड्राइवर से प्यार हो गया। दोनों में करीब चार साल तक प्रेम प्रसंग चला। शिक्षिका का आरोप है कि ऑटो ड्राइवर ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया। अब शादी की बात कहने पर उसने इन्कार कर दिया है। इसके बाद शिक्षिका ने केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
जानकारी के मुताबिक, सहजनवां क्षेत्र की एक युवती प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है। ऑटो से वह स्कूल आती-जाती थी। इसी दौरान एक ऑटो ड्राइवर से प्रेम हो गया। उसने दूसरे ऑटो से स्कूल जाना बंद कर दिया। उसी के साथ स्कूल आने-जाने लगी। कुछ दिन में दोनों की नजदीकियां काफी बढ़ गईं। चार साल तक दोनों के बीच ये सिलसिला चला।बात तब बिगड़ी जब शिक्षिका ने शादी के लिए कहा। इस पर ऑटो ड्राइवर पीछे हट गया। काफी दिन तक उसने मनाने की कोशिश की लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद शिक्षिका ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए सहजनवां थाने में शिकायत दर्ज कराई। वह एसपी नॉर्थ के पास भी शिकायत लेकर पहुंची। बताया जा रहा है कि युवक अब ऑटो नहीं चलाता है। वहीं, शिक्षिका ने भी स्कूल जाना बंद कर दिया है। सहजनवां थानाध्यक्ष महेश चौबे ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# प्रेमी के लिए मार डाले अपने बच्चे

इस बात से पीछे हटा जुनैद... फिर रची खौफनाक साजिश; पति के जाते ही जान ले ली साजिश रचने के बाद बृहस्पतिवार को प्रेमी जुनैद ही रुड़कली



तालाब अली में रसगुल्ले और जहरीला पदार्थ लेकर पहुंचा था। मुस्कान ने जहरीली गोलियां बनाकर रसगुल्लों के बीच में रख दी। मां ने रसगुल्ले दिए तो दोनों मासूमों ने खा लिए और फिर मौत की नींद सो गए।उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। यहां के रुड़कली तालाब अली में एक महिला ने प्रेमी के साथ अय्याशी करने के लिए मां-बच्चे के पावन रिश्ते को तार-तार कर दिया। महिला मुस्कान ने प्रेमी जुनैद के साथ मिलकर अपने बेटे अरहान (04), बेटी अनाया (01) को रसगुल्लों में जहर मिलाकर खिलाया उनकी जान ले ली। पुलिस जांच में सामने आया कि खेती से गुजारा करने वाला अविवाहित जुनैद अपनी प्रेमिका के बच्चों को रखने से पीछे हट गया, जिसके बाद यह खौफनाक साजिश रची गई। घर से बाहर रहने के कारण वसीम दोनों की राह में रोड़ा नहीं था, लेकिन बच्चों के कारण मुश्किल खड़ी हो रही थी।रुड़कली तालाब अली में वसीम के घर सन्नाटा पसरा है। सिर्फ 12 घंटे पहले जो घर फूल जैसे दो बच्चों से गुलजार था, अब वहां मौत, मातम और अफसोस है। दर्द पूरे गांव में है। प्रेमी जुनैद के साथ निकाह की मंशा में मुस्कान ने अपने बेटे अरहान (04) और बेटी अनाया (01) की जान ले ली। वारदात सुनकर लोग कांप गए, लेकिन सलाखों के पीछे जाते हुए आरोपी के चेहरे पर सिकन नहीं दिखी।

# Sitare Zameen Par X Review

**Sitare Zameen Par: आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को लेकर एक्स पर दर्शकों की पहली प्रतिक्रिया क्या है, चलिए आपको बताते हैं।**



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर लौट आए हैं और इस बार उन्होंने 'सितारे जमीन पर' के जरिए दर्शकों की भावनाओं को गहराई से छू लिया है। तीन साल के ब्रेक के बाद आई इस फिल्म में आमिर खान ने न सिर्फ एक कोच की भूमिका निभाई है, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी देने की कोशिश की है—कि हर बच्चा खास होता है, बस जरूरत है उन्हें समझने और सहारा देने की। आर. एस. प्रसन्ना के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी दिव्यांग बच्चों के इर्द-गिर्द बुनी गई है। फिल्म में आमिर खान एक बास्केटबॉल कोच के किरदार में नजर आते हैं, जिन्हें ऐसे बच्चों की टीम को ट्रेनिंग देनी होती है जो शारीरिक या मानसिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। इस फिल्म को आमिर की 2007 की ब्लॉकबस्टर 'तारे जमीन पर' की स्प्रिचुअल सीक्वल के रूप में देखा जा रहा है। जेनेलिया देशमुख ने आमिर के साथ मुख्य भूमिका निभाई है, और उनकी स्क्रीन पर मौजूदगी ने फिल्म में भावनात्मक गहराई जोड़ी है।फिल्म रिलीज होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर तारीफों का तांता लग गया है। एक यूजर ने लिखा, 'ये सिर्फ रीमेक नहीं है, ये एक अनुभव है। आमिर ने एक बार फिर ईमानदारी से अभिनय किया है और नए एक्टर्स ने दिल जीत लिया है।' सोशल मीडिया पर फिल्म को इमोशनल, इंस्पिरेशनल और फैमिली फ्रेंडली बताया जा रहा है।वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा- 'यह फिल्म सिर्फ सितारों के बारे में नहीं है। 1, 2, 3, 4 या 5 स्टार इसे बयां नहीं कर सकते। उन खास बच्चों और आमिर खान के दिल और मेहनत को मापना नामुमकिन है। यह फिल्म भावनात्मक है, प्रभावशाली है और वाकई में खास है।' एक और यूजर ने लिखा- ये फिल्म एक मास्टरपीस है। ये एक क्लासिक आमिर खान स्टाइल की फिल्म है, जिसमें वो हर तत्व है जो इसे आमिर की सबसे बेहतरीन फिल्मों में शामिल करता है! शानदार निर्देशन, दमदार

# Suchitra Krishnamoorthi





Suchitra Krishnamoorthi Controversial Statement: अहमदाबाद प्लेन हादसे में इकलौते जिंदा बचे शख्स पर सिंगर और एक्ट्रेस सुचित्रा ने झूठ बोलने का आरोप लगा दिया, जिसके बाद बवाल मच गया। अहमदाबाद विमान हादसे में चमत्कारी रूप से बचे एकमात्र यात्री विश्वास कुमार रमेश को लेकर बॉलीवुड सिंगर और एक्ट्रेस सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने ऐसा बयान दे दिया जिससे सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। उन्होंने सार्वजनिक रूप से विश्वास पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए यहां तक कह दिया कि उन्हें मानसिक इलाज की जरूरत है। मामला गरमाने पर उन्होंने तुरंत ट्वीट डिलीट किया और माफी मांगी।दरअसल 12 जून को हुए अहमदाबाद विमान हादसे में जहां 270 लोगों की जान चली गई, वहीं विश्वास कुमार रमेश एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जो इस भीषण त्रासदी से जीवित बाहर निकले। इस चमत्कारिक बचाव ने पूरे देश को भावुक कर दिया। लेकिन इसी दौरान सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने एक विवादित ट्वीट किया जिसमें उन्होंने दावा किया कि विश्वास झूठ बोल रहे हैं और उनका विमान हादसे से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सवाल उठाते हुए लिखा था कि क्या किसी ने वाकई पुष्टि की है कि विश्वास उस विमान में थे? साथ ही उन्होंने उनकी मानसिक स्थिति पर भी सवाल उठाए और लिखा कि अगर यह झूठ है तो विश्वास को जेल या पागलखाने भेज देना चाहिए। सुचित्रा का ये ट्वीट तेजी से वायरल हुआ और यूजर्स ने उन्हें आड़े हाथों लिया। कई पत्रकारों और आम लोगों ने सबूतों के साथ बताया कि विश्वास वास्तव में उस विमान में सवार थे और इस बात की पुष्टि अस्पताल

# Ayushree Malik: पिता को खोया,





Miss Supranational 2025: आयुश्री मलिक पर पूरे देश की निगाहें टिकी हुई हैं। वो 'मिस सुप्रानेशनल 2025' में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। जानते हैं यहां तक का सफर उनका कैसा रहा।दिल्ली की रहने वाली आयुश्री मलिक आज लाखों लड़कियों के लिए एक मिसाल बन चुकी हैं। जब वह सिर्फ 7 साल की थीं, तब उनके पिता का एक सड़क हादसे में देहांत हो गया था। उस उम्र में, जब बच्चे सबसे ज्यादा प्यार और सहारे की उम्मीद रखते हैं, आयुश्री ने अपनी ज़िंदगी का सबसे बड़ा खालीपन महसूस किया। लेकिन उनकी मां, जो एक पुलिस अफसर हैं, उन्होंने उन्हें संभाला।उन्होंने बेटी को इतना मजबूत बना दिया कि आज वही बेटी दुनिया के अमर उजाला डिजिटल से बातचीत में आयुश्री ने अपने स्ट्रगल पर बात करते हुए कहा, 'मैं एक सिंगल मदर की बेटी हूं। मेरी मां ने अपनी नौकरी और मेरी परवरिश को जिस तरह से बैलेंस किया, वो काबिल-ए-तारीफ है। मैं बचपन से देशभक्ति के माहौल में पली-बढ़ी हूं। मुझे हमेशा सिखाया गया कि देश के लिए कुछ करना सबसे बड़ी बात होती है। आज जब मुझे भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है, तो यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है।'आयुश्री ने आगे पिता को खोने का दर्द साझा करते हुए कहा, 'पिता को खोना मेरे लिए सबसे बड़ा झटका था। उस उम्र में मैं बस इतना समझती थी कि मेरी दुनिया बदल गई है। लेकिन मैंने उस दर्द को अपनी ताकत बना लिया। मैंने 'ब्रेव हार्ट्स' नाम की एक मुहिम शुरू की। ये उन बच्चों के लिए है जिन्होंने किसी अपने को खोया है। अब तक हम सैकड़ों परिवारों तक पहुंचे हैं। वहां हमने इमोशनल सपोर्ट दिया, स्कॉलरशिप दी और खुलकर बात करने की एक सुरक्षित जगह दी। हम अक्सर मरने वालों पर शोक मनाते हैं, पर जो जिंदा रहकर रोज दर्द झेलते हैं,

# Kuberaa X review



Kuberaa Movie X Review: धनुष की फिल्म 'कुबेर' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। सोशल मीडिया पर दर्शक फिल्म के बारे में अपनी राय रख रहे हैं। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा है?तमिल सुपरस्टार धनुष ने दो साल के बाद तेलुगु सिनेमा में फिल्म 'कुबेर' से वापसी की है। क्राइम ड्रामा फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म देखने के बाद कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर इसके बारे में लिखा है। कुछ लोगों ने फिल्म की लंबाई की आलोचना की है, तो वहीं ज्यादातर लोगों ने धनुष की अदाकारी की तारीफ की है।एक एक्स यूजर ने लिखा है कि फिल्म में धनुष का किरदार आसान नहीं था लेकिन धनुष ने इसे बेहतर तरीके से निभाया है। उन्होंने लिखा 'धनुष के लिए यह अहम भूमिका है, पूरी फिल्म में उनकी मासूमियत ने बड़ा काम किया है। यह उनके किरदार को दिलचस्प बनाती है। यह रोल निभाना आसान नहीं था, लेकिन धनुष ने कर दिखाया। उनकी अदाकारी को बड़े पर्दे पर देखा जाना चाहिए।'एक दूसरे यूजर ने धनुष के अभिनय की तारीफ की और लिखा कि फिल्म को थोड़ा छोटा होना था। उन्होंने एक्स पर लिखा 'धनुष की मजबूत अदाकारी। रश्मिका के साथ उनकी बेहतरीन केमिस्ट्री। शेखर कम्मुला की कहानी बहुत अच्छी है लेकिन फिल्म छोटी होनी चाहिए थी और बांधने वाली होनी चाहिए थी।

# OTT Releases







**OTT RELEASES THIS WEEKEND: ओटीटी पर इस वीकेंड एक से बढ़कर एक फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। कपिल शर्मा के शो से लेकर मुनव्वर फारूकी की फर्स्ट कॉपी तक, चलिए पूरी लिस्ट के बारे में आपको बताते हैं।** जून का तीसरा हफ्ता ओटीटी प्रेमियों के लिए जबरदस्त कंटेंट लेकर आया है। इस हफ्ते रोमांच, थ्रिलर, सस्पेंस और कॉमेडी का शानदार मेल देखने को मिलेगा। चाहे आप एक्शन के दीवाने हों या कॉमेडी से दिन बनाना चाहते हों, इस बार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हर मूड का मसाला मौजूद है। नेटफ्लिक्स, जी5, एमएक्स प्लेयर और जियो सिनेमा जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इस हफ्ते कई दमदार रिलीज हुई हैं, जिनमें से कुछ का इंतजार लंबे वक्त से हो रहा था।इमरान हाशमी स्टारर 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में रिलीज के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर आ चुकी है। ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है और इसमें सेना के एक जवान की कहानी दिखाई गई है जो दुश्मनों के बीच अपने साहस और कर्तव्यनिष्ठा से एक बड़ी लड़ाई लड़ता है। जो लोग इसे बड़े पर्दे पर मिस कर चुके थे, उनके लिए यह एक बेहतरीन मौका है घर बैठे एक जबरदस्त थ्रिलर का मजा लेने का



# Gold Silver Price

वैश्विक दबाव में सोना-चांदी सस्ता; सोने का भाव 150 रुपये गिरा, चांदी भी लुढ़की वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के बीच सोने और चांदी की कीमत में गिरावट आई। गुरुवार को सोने का भाव 150 रुपये घटकर 1,00,560 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं चांदी 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने का भाव 150 रुपये घटकर 1,00,560 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता



वाला सोना 150 रुपये गिरकर 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। इसके अलावा, चांदी भी रिकॉर्ड स्तर से पीछे हट गई। सफेद धातु 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। बुधवार को यह 1,08,200 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी।इस बीच, वैश्विक बाजारों में सोना हाजिर मामूली गिरावट के साथ 3,365.90 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। वहीं, हाजिर चांदी एक प्रतिशत गिरकर 36.37 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

# पावरफुल इंडिया

**चीन-यूएस के बाद बिजली उत्पादन में दुनिया में सबसे आगे निकला भारत, स्वच्छ ऊर्जा बनी बड़ी ताकत**



भारत अब बिजली उत्पादन में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। उत्पादन वृद्धि में अब सिर्फ अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं। आईईए की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए खासतौर पर सौर ऊर्जा में बड़ा निवेश हुआ, जिससे स्वच्छ ऊर्जा का योगदान 83% तक पहुंचा।भारत पिछले पांच वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। बिजली उत्पादन वृद्धि में अब सिर्फ अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कई कारणों से बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। इनमें वाणिज्यिक एवं आवासीय स्थानों का विस्तार, एयर कंडीशनर (एसी) व अन्य घरेलू उपकरणों के इस्तेमाल में वृद्धि और उद्योगों की बढ़ती मांग शामिल है। इस मांग को पूरा करने के लिए भारत में सभी ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन

# Data Breach: 16 अरब लॉगइन हुए लीक

**एपल, गूगल जैसी कंपनियों के ग्राहकों के लिए बढ़ा खतरा**

शोधकर्ताओं का कहना है कि लीक डेटा का इस्तेमाल धोखाधड़ी, अकाउंट टेकओवर करने और बिजनेस ईमेल कॉम्प्रोमाइज के लिए हो सकता है। यह बड़े पैमाने पर शोषण करने का खाका है।साइबर सिक्योरिटी शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि 16 अरब लॉगइन क्रेडेंशियल चोरी हुए हैं, जिनमें पासवर्ड भी शामिल हैं। यह तकनीकी इतिहास के सबसे बड़े लीक में से एक बताया जा रहा है। इस डेटा लीक से एपल, गूगल, फेसबुक, गिटहब, टेलीग्राम आदि प्लेटफॉर्म्स की किसी भी ऑनलाइन सेवा में सेंधमारी हो सकती है। यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब कई रिपोर्ट में 18 करोड़ रिकॉर्ड वाले रहस्यमयी डेटाबेस की मौजूदगी का पता चला है,



# सपाट शुरुआत के बाद हरे निशान पर घरेलू शेयर बाजार



घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करता दिखा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 289.43 अंक चढ़कर 81,651.30 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 88.25 अंक चढ़कर 24,881.50 पर पहुंचा।घरेलू शेयर बाजार की शुक्रवार को सपाट शुरुआत हुई। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ 81,354.85 अंक पर खुला। गिरावट के दौरान सेंसेक्स 81,323.20 अंकों तक पहुंचा था। बीते दिन यह 81,361.87 अंक पर बंद हुआ था। कारोबार की शुरुआत के साथ ही सेंसेक्स ने वापसी की और एक वक्त 250 से ज्यादा अंकों की छलांग लगाकर 81,651.30 अंकों पर पहुंच गया। ऐसे ही निफ्टी भी गिरावट के साथ 24,787.65 अंक पर खुला। गिरावट के दौरान यह 24,783.65 अंकों तक पहुंच गया था। बीते दिन निफ्टी 24,824.75 अंकों पर बंद हुआ था। हालांकि, आज गिरावट के बाद निफ्टी ने वापसी की और 24,881.50 अंकों तक पहुंचा। इस बीच शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे बढ़कर 86.58 पर पहुंच गया।एशियाई बाजारों

# जीएसएमए की रिपोर्ट



मोबाइल उद्योग ने 2019-2023 के बीच कार्बन उत्सर्जन में 8% की कटौती की, जबकि डाटा ट्रैफिक 4 गुना बढ़ा। जीएसएमए की रिपोर्ट बताती है कि नेट जीरो लक्ष्य के लिए अब हर साल 7.5% की कमी जरूरी है। चीन में पहली बार 4% उत्सर्जन घटा, 5G और अक्षय ऊर्जा से बड़ी मदद मिली।मोबाइल उद्योग ने वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन घटाने की दिशा में अच्छा प्रयास किया है। उद्योग ने 2019 से 2023 के बीच अपने कार्बन उत्सर्जन में 8 फीसदी की कटौती की है। इस अवधि में मोबाइल कनेक्शन में 9 फीसदी और डाटा ट्रैफिक में चार गुना तक की वृद्धि हुई। हालांकि, नेट जीरो लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उद्योग को मौजूदा रफ्तार से दोगुनी तेजी से यानी 2030 तक हर साल औसतन 7.5 फीसदी की दर से कार्बन उत्सर्जन में कटौती करनी होगी।ग्रुप स्पेशल मोबाइल एसोसिएशन (जीएसएमए) की ताजा रिपोर्ट 'मोबाइल नेट जीरो-2024' के मुताबिक, डाटा और कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग के बावजूद मोबाइल उद्योग के कार्बन उत्सर्जन में 4.5 फीसदी की अतिरिक्त कमी आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह चार फीसदी बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के सबसे बड़े मोबाइल बाजार चीन ने पहली बार 2024 में कार्बन उत्सर्जन चार फीसदी घटाया है, जबकि 2019 से 2023 के बीच इसमें 7 फीसदी की वृद्धि हुई थी। 5जी नेटवर्क वाले इस देश में अक्षय ऊर्जा का इस्तेमाल चार गुना बढ़ा है, जो उत्सर्जन में कमी का प्रमुख कारण है।अक्षय ऊर्जा के उपयोग से उत्सर्जन में आई 1.6 करोड़ टन की कमी 2023 में मोबाइल कंपनियों की ओर से इस्तेमाल कुल बिजली में सौर और पवन जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों

# भारत में बनेंगे लीप इंजन के टर्बाइन फोर्ज्ड पार्ट्स

अनुबंध के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, बंगलूरू स्थित अपनी अत्याधुनिक 'रिंग रोलिंग' सुविधा में लीप इंजन के लिए फोर्ज्ड पार्ट्स बनाएगा, जिससे वैश्विक एयरलाइंस की बढ़ती मांग पूरी की जाएगी। सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है।हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) ने फ्रांस की इंजन निर्माता सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत एचएएल भारत में लीडिंग एज एविएशन प्रोपल्शन (लीप) इंजन के लिए महत्वपूर्ण टर्बाइन फोर्ज्ड पार्ट्स का निर्माण करेगा और सफ्रान को सप्लाई करेगा। ये पार्ट्स, एयरबस ए-320 नियो और बोइंग-737 मैक्स जैसे विमानों में इस्तेमाल होने वाले इंजन के लिए होंगे। इस साझेदारी से भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' नीति को बढ़ावा मिलेगा।एचएएल के बयान के अनुसार, इस समझौते को फ्रांस के ले-बॉरगेट में 55वें पेरिस एयर शो में अंतिम रूप दिया गया। समझौते पर एचएएल के एलसीए डिवीजन के महाप्रबंधक अब्दुल सलाम और सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन के उपाध्यक्ष (खरीद) डोमिनिक डुप्यू ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों कंपनियों के बीच अक्तूबर 2023 और फरवरी 2025 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का विस्तार है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा, यह दीर्घकालिक साझेदारी अब उन्नत चरण में पहुंच रही है। हमें लीप इंजन की वैश्विक आपूर्ति शृंखला में योगदान देने पर गर्व है। वहीं, डोमिनिक डुप्यू ने कहा, एचएएल हमारी वैश्विक सोर्सिंग रणनीति में एक प्रमुख भागीदार बना हुआ है। यह समझौता भारत में हमारी




औद्योगिक उपस्थिति, तेजी से बढ़ते नागरिक उड्डयन बाजार के लिए लीप इंजनों के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। एचएएल के बयान के अनुसार, इस समझौते को फ्रांस के ले-बॉरगेट में 55वें पेरिस एयर शो में अंतिम रूप दिया गया। समझौते पर एचएएल के एलसीए डिवीजन के महाप्रबंधक अब्दुल सलाम और सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन के उपाध्यक्ष (खरीद) डोमिनिक डुप्यू ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों कंपनियों के बीच अक्तूबर 2023 और फरवरी 2025 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का विस्तार है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा, यह दीर्घकालिक साझेदारी अब उन्नत चरण में पहुंच रही है।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















# Neeraj Chopra: नीरज चोपड़ा के 11 सर्वश्रेष्ठ थ्रो

## पेरिस डायमंड लीग जीतने के लिए 88.16 मीटर दूर फेंका भाला




Neeraj Chopra: नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीत लिया है। इस टूर्नामेंट में वह पहले स्थान पर रहे। नीरज का प्रदर्शन शानदार रहा, लेकिन वह यहां 90 मीटर का आंकड़ा नहीं छू सके। नीरज ने इसी साल मई में 90 मीटर का आंकड़ा पहली बार छुआ था। अब नीरज जुलाई में एनसी क्लासिक जेवलिन थ्रो टूर्नामेंट में खेलते दिखेंगे। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को पेरिस डायमंड लीग का खिताब अपने नाम किया। नीरज ने कड़े मुकाबले में जर्मन प्रतिद्वंद्वी जूलियन वेबर को हराकर दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता। 27 वर्षीय नीरज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 88.16 मीटर का रहा। उन्होंने पहले ही राउंड में यह दूरी हासिल की, लेकिन बाद के पांच थ्रो में वह 90 मीटर का आंकड़ा नहीं छू सके। नीरज का दूसरा थ्रो 85.10 मीटर का रहा और फिर उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 82.89 मीटर दूर भाला फेंका। उनके तीन प्रयास फाउल रहे। वेबर 87.88 मीटर के अपने शुरुआती थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि ब्राजील के लुइस मौरिसियो दा सिल्वा 86.62 मीटर के अपने तीसरे राउंड प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।नीरज ने इसी साल मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पहली बार छुआ था। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज 90 मीटर पार करने वाले दुनिया के 25वें और एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए थे। पेरिस ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम (92.97 मीटर) और चीनी ताइपै के चाओ सुन चेंग (91.36 मीटर) ही एशिया के दो अन्य खिलाड़ी हैं जो 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं। वहीं, वेबर ने भी दोहा डायमंड लीग टूर्नामेंट में पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। हम आपको नीरज के 11 सर्वश्रेष्ठ थ्रो के बारे में बता रहे हैं...नीरज चोपड़ा ने आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करके 90.23 मीटर का थ्रो फेंका, लेकिन डायमंड लीग के दोहा चरण में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में 91.06 मीटर का थ्रो फेंका, जबकि नीरज ने तीसरे प्रयास में ऐसा किया था नीरज चोपड़ा ने स्वीडन में डायमंड लीग 2022 में 89.94 मीटर के जेवलिन थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इस थ्रो के साथ, उन्होंने फिनलैंड में पावो नुरमी गेम्स में सेट किए गए अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.30 मीटर को बेहतर किया।नीरज का पेरिस ओलंपिक के फाइनल में 89.45 मीटर का थ्रो, उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। हालांकि, इसके बाद वह एक बार भी वैध थ्रो नहीं कर सके। नीरज के 88.67 के थ्रो ने उन्हें 2023 में दोहा डिमोंड लीग में फिर से स्वर्ण पदक दिलाया। नीरज ने अपने पहले प्रयास में स्वर्ण पदक जीता। 88.17 मीटर का थ्रो किया और स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रतियोगिता के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने।नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग में अपनी पहली ही कोशिश में शानदार थ्रो करते हुए 88.16 मीटर दूर भाला फेंक कर खिताब अपने नाम किया। यह उनका दूरी के हिसाब से छठा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।




# फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज में विश्व नंबर एक को हराने के लिए दिव्या ने बनाई थी



दिव्या ने कहा, 'मुझे पता था कि मुझे पूरी ताकत लगानी होगी। अगर विश्व चैंपियन के खिलाफ खेलने का विचार मेरे दिमाग में आता तो मैं भयभीत हो जाती।'भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि उन्हें फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियनशिप में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को हराने के लिए पूरीताकत लगानी पड़ी और उनकी इस उपलब्धि की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रशंसा की। दिव्या देशमुख ने 10 से 16 जून को लंदन में आयोजित फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में चीन की यिफान को हराया।दिव्या ने कहा, 'मुझे पता था कि मुझे पूरी ताकत लगानी होगी। अगर विश्व चैंपियन के खिलाफ खेलने का विचार मेरे दिमाग में आता तो मैं भयभीत हो जाती। इसलिए मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं किसके खिलाफ खेल रही हूं, मैंने अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और मुझे केवल इतना पता था कि मुझे बाजी जीतनी है।'नागपुर की 19 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शब्द बहुत उत्साह बढ़ाने वाले और प्रेरित करने वाले थे तथा वह अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तत्पर रहेगी। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई।' उन्होंने लिखा, 'उनकी सफलता उनके सयंम और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'बड़ी जीत दर्ज करने वाली दिव्या से जब प्रधानमंत्री द्वारा की गई प्रशंसा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरे लिए जो लिखा, उससे मुझे बहुत प्रोत्साहन और प्रेरणा मिली। वह कई मौकों पर खिलाड़ियों को प्रेरित करते रहे हैं। मैं उन्हें गौरवान्वित करने और भविष्य में भारत के लिए कई और पदक जीतने की कोशिश करूंगी।' उन्होंने कहा, 'मैं ध्यान केंद्रित कर रही हूं और मेरी तैयारी अच्छी चल रही है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी और भविष्य के टूर्नामेंटों में पदक जीतने की कोशिश करूंगी।'

# Petra Kvitova on Retirement

क्वितोवा ने कहा, 'मैं एक बार फिर विंबलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन (अगस्त-सितंबर) में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।'दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विंबलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था।

क्वितोवा ने कहा, 'मैं एक बार फिर विंबलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन (अगस्त-सितंबर) में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।' दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विंबलडन के लिए



# यूरोप दौर का समापन किया

निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी जिसके बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट के जरिये हुआ जिसमें भारतीय टीम को हार मिली।भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने यूरोप दौरे के अंतिम मैच में मेजबान नीदरलैंड से 2-3 से शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी। लगातार चार जीत (तीन बेल्जियम के खिलाफ और एक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) के साथ मैच में उतरी भारतीय टीम ने तकनीकी रूप से मजबूत डच टीम के खिलाफ धैर्य और संयम का परिचय दिया, जो एक कड़े मुकाबले में बदल गया। दोनों टीमों ने चार क्वार्टर में कई गोल करने के अवसर बनाए, लेकिन दोनों छोर पर अनुशासित बचाव और प्रभावशाली गोलकीपिंग की बदौलत कोई भी पक्ष गतिरोध को नहीं तोड़ सका। मैच शूटआउट तक पहुंचा, जहां लालरिनपुई और प्रियंका यादव ने



भारत के लिए अपने मौके बनाए। हालांकि, नीदरलैंड्स ने इमे डे लीउ, रूस अल्केमाडे और लोटे रस्ट के सफल हमलों से बढ़त हासिल कर ली। यूरोपीय दौरा दिसंबर में होने वाले महिला जूनियर विश्वकप की तैयारी का हिस्सा था।निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी जिसके बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट के जरिये हुआ जिसमें भारतीय टीम को हार मिली। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने यूरोप दौरे के अंतिम मैच में मेजबान नीदरलैंड से 2-3 से शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी।